भारत सरकार
योजना मंत्रालय

लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 1814
दिनांक 03 जुलाई, 2019 को उत्तर देने के लिए

मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन

1814. श्री कानुमुरू रघु राम कृष्णराजू:

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नीति आयोग ने हाल ही में विज्ञान भवन, नई दिल्ली में मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन का आयोजन किया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस सम्मेलन में कौन से मामलों पर चर्चा हुई तथा कृषि और इसके संबद्ध क्षेत्रों के विकास, देश में आतंकवाद नियंत्रण आदि पर राज्य सरकारों द्वारा क्या विचार व्यक्त किए गए?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय
तथा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
(राव इंद्रजीत सिंह)

(क): जी, नहीं, नीति आयोग ने विज्ञान भवन में ऐसी किसी बैठक का आयोजन नहीं किया है। तथापि, नीति आयोग की शासी परिषद की 5वीं बैठक 15 जून, 2019 को राष्ट्रपति भवन में आयोजित की गई थी, जिसमें कई मुख्यमंत्रियों ने भाग लिया था।

(ख) तथा (ग): शासी परिषद की बैठक के दौरान, सदस्यों ने निम्नलिखित कार्यसूची मदों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की;

i. शासी परिषद की पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्रवाई रिपोर्ट
ii. वर्षा-जल संचयन
iii. सूखे की स्थिति और राहत के उपाय
iv. आकांक्षी जिला कार्यक्रम - उपलब्धियां और चुनौतियां
v. कृषि सुधार:- निम्नलिखित पर विशेष जोर देते हुए संरचनात्मक सुधारों की आवश्यकता; क) कृषि उत्पाद विपणन समिति (एपीएमसी) अधिनियम और ख) आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955
vi. वामपंथ उग्रवादग्रस्त जिलों पर विशेष ध्यान देते हुए सुरक्षा संबंधी मुद्दे।